इससे पहले चार बार किया गया 'बाहरी' पर विश्वास

# दिल्ली कैडर के बाहर के अधिकारी को पांचवीं बार राजधानी का जिम्मा



अपने कार्यकाल के अंतिम दिन हस्ताक्षर करते समय मीडिया और अपने समकक्ष अधिकारियों से घिरे राकेश अस्थाना।

अमलेश राजू
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

राकेश अस्थाना के पद से हटते ही राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा और कानून व्यवस्था का जिम्मा पांचवीं बार दिल्ली से बाहर के कैडर के हाथों दिया गया है। दिल्ली में संजय अरोड़ा 25वें पुलिस आयुक्त बनेंगे।

पुलिस आयुक्त के पद पर 1988 बैच के तमिलनाडु कैडर के आइपीएस संजय अरोड़ा का नाम सामने आते ही चर्चाओं का बाजार थम गया। इस नियुक्ति ने जहां इस बात को बल प्रदान कर दिया कि अब दिल्ली के आयुक्त किसी भी राज्य से और कैडर के आइपीएस को बनाया जा सकता है। वहीं, कैडर बदलकर आयुक्त बनाने के बाद अब आने वाले समय में उपायुक्त, संयुक्त आयुक्त और विशेष आयुक्त के भी कैडर बदलकर दूसरे राज्यों और शहरों में भेजे जाने में किसी भी प्रकार की अड़चने नहीं रहेगी। रविवार सुबह तक पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना का सेवा विस्तार तय माना जा रहा था। लेकिन अचानक साढ़े 12 बजे के करीब एक आदेश सोशल मीडिया पर आया कि अस्थाना की विदाई का परेड चार बजे पुलिस लाइंस परेड में होगा। इसे कुछ लोगों ने अफवाह तो कुछ ने यह बताया कि इसका सत्यापन होना बाकी है। लेकिन तभी एक आदेश तुरंत आ गया जिसमें 1988 तमिलनाडु कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारी संजय अरोड़ा को दिल्ली पुलिस का आयुक्त नियुक्त कर दिया गया है। एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश गोवा मिजोरम एवं केंद्र शासित प्रदेश) के किसी अधिकारी को पद न मिलने से कई तरह के सवाल भी उठ रहे हैं।

### 1983 से शुरू हुआ था बदलाव

*साल* 1983 में कांग्रेस के शासनकाल में राजस्थान कैडर के एससी टंडन को और 1984 में महाराष्ट्र कैडर के एसएस जोग को पुलिस आयुक्त बनाकर दिल्ली लाया गया था। ये केवल करीब एक साल के लिए ही नियुक्त रहे। इसके बाद साल 1999 में भाजपा के शासन काल में 1966 बैच के उत्तर प्रदेश काडर के आइपीएस अजय राज शर्मा को दिल्ली पुलिस का आयुक्त बनाया गया था। शर्मा सफल आयुक्त रहे। तीन साल की बेहतरीन पारी के बाद उन्हें सीमा सुरक्षा बल का महानिदेशक बनाया गया। इसके बाद पिछले साल गुजरात कैडर के राकेश अस्थाना एक साल के लिए पुलिस प्रमुख बनाए गए और अब तमिलनाडु कैडर के अरोड़ा लाए गए हैं।

### एजीएमयूटी कैडर के कई अधिकारी मायूस

*अरोड़ा* के पद संभालते ही एजीएमयूटी कैडर के कई वरिष्ठ अधिकारियों में मायूसी छा गई है। 30 जून, 2021 को ही एजीएमयूटी कैडर के 1988 बैच के आइपीएस विशेष आयुक्त (सतर्कता) बालाजी श्रीवास्तव ने आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार संभाला था। बालाजी श्रीवास्तव से पहले सच्चिदानंद श्रीवास्तव को भी एक साल से ज्यादा समय तक कार्यवाहक आयुक्त ही बना के रखा गया था, सेवानिवृत्ति से करीब चालीस दिन पहले ही श्रीवास्तव को नियमित आयुक्त नियुक्त किया गया था। लेकिन राकेश अस्थाना को आयुक्त बना कर बालाजी को जोर का झटका दिया गया था। इसका असर उन अफसरों पर पड़ा है जो आयुक्त बनने की कतार में सबसे प्रबल दावेदार थे। अगर अरोड़ा अपना तीन साल का पूरा कार्यकाल इस पद रहे तो एजीएमयूटी कैडर के अनेक दावेदार आइपीएस आयुक्त बने बगैर ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### कई वरिष्ठ हुए दरकिनार

*अरोड़ा* की नियुक्ति के बाद कई वरिष्ठों को पीछे छोड़ किया गया है। जब बालाजी श्रीवास्तव को आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया तो इस पद के दावेदार 1987 बैच के आइपीएस सत्येंद्र गर्ग और ताज हसन को दरकिनार कर दिया गया था। इसके बाद ताज हसन को सिविल डिफेंस, होमगार्ड और फायर सर्विस का महानिदेशक बना दिया गया। किरण बेदी को दरकिनार कर उनसे जूनियर युद्धबीर डडवाल को आयुक्त बनाया गया था। दीपक मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार और कर्नल सिंह को दरकिनार करके उनसे जूनियर अमूल्य पटनायक को आयुक्त बनाया गया था। ये सभी एजीएमयूटी काडर के ही थे। अब फिर इस काडर के ही 1987 और 1988 बैच के आइपीएस अफसरों को दरकिनार करके तमिलनाडु काडर के संजय अरोड़ा को बाहर से लाकर दिल्ली का आयुक्त बना दिया गया।

### अस्थाना के कुछ काम

*राकेश* अस्थाना ने एक साल में ही कई अभूतपूर्व बदलाव कर वाह-वाही बटोरी है । आयुक्त रहते हुए पीसीआर को थाने के साथ मर्ज कर वहां पुलिसकर्मियों की संख्या को बढ़ाया। लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे 25 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों को उनके कार्यकाल में पदोन्नति मिली। थाने से अलग जगह-जगह इंटीग्रेटेड बूथ बनाया ताकि बाहर से आने वाले की तुरंत शिकायत दर्ज किया जा सके। महिलाओं के लिए पिंक बूथ की स्थापना की और रिटायर कर्मचारियों के निधन पर सेल्यूट के साथ विदाई और रिटायर सीनियर अधिकारी को बावर्दी योद्धा सम्मान। अस्थाना ने ही अधिकारी और कनिष्ठों के लिए सीधा संवाद स्थापित करने की शुरुआत की थी।

## सेवाओं में सुधार के लिए दिल्ली मेट्रो आज से लेगी यात्रियों से सुझाव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) यात्रियों को दी जाने वाली सेवाओं में सुधार के लिए एक अगस्त से 28 अगस्त तक आनलाइन सर्वे के आठवें संस्करण का आयोजन करेगा।

इस सर्वे के जरिए दिल्ली मेट्रो यात्रियों से उनकी राय जानेगा। जानकारी के मुताबिक, इसके लिए अलग-अलग विषयों पर प्रश्नावली तैयार की गई है। जो भी यात्री इस सर्वेक्षण में भाग लेना चाहते हैं वे डीएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट www. delhimetrorail. com पर जाकर अपने सुझाव दे सकते हैं।

दिल्ली मेट्रो के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि सर्वेक्षण अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगा। इस सर्वेक्षण में सात विषयों पर सुझाव मांगे गए हैं। भागीदारों द्वारा उत्तर भरे जाने के लिए एक विषय के संबंध में सर्वेक्षण का लिंक डीएमआरसी की वेबसाइट पर केवल चार (4) दिन के लिए ही उपलब्ध रहेगा। चार दिन के बाद, अगला विषय उपलब्ध कराया जाएगा। चूंकि सर्वेक्षण के लिए सात विषय रखे गए हैं, इसलिए यह सर्वेक्षण 28 दिन में समाप्त होगा।

### इन क्षेत्रों में दे सकेंगे सलाह

*उपलब्धता* एवं सुगम्यता, ग्राहकों को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी, सेवाओं की गुणवत्ता, ग्राहक सेवा, मेट्रो का बाहरी क्षेत्र सुरक्षा, संरक्षा से संबंधित सेवाएं आदि। दिल्ली मेट्रो द्वारा इस सर्वेक्षण का आयोजन यात्रियों को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में उनके विचार जानने के लिए किया जा रहा है।

## कोरोना के 1,263 नए मामले, संक्रमण दर नौ फीसद पार

**नई दिल्ली, 31 जुलाई।** दिल्ली में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। रविवार को कोरोना संक्रमण के कुल 1263 नए मामले आए हैं और संक्रमण दर 9.35 फीसद तक पहुंच गई है। रविवार को दिल्ली में केवल 13,511 संक्रमण जांच की गई थी। रपट के मुताबिक इस समय दिल्ली में 2977 मरीजों का उपचार घर में एकांतवास में किया जा रहा है। वहीं, 269 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। कुल मरीजों में से 86 आईसीयू और 70 आक्सीजन बिस्तर पर हैं। दूसरी ओर, 9381 लोगों की आरटीपीसीआर जांच की गई जिसमें 4130 एंटीजन जांच भी शामिल हैं। **(जसं)**

## अब दिल्ली में शराब की उपलब्धता हो सकती है प्रभावित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

लाइसेंस की अवधि खत्म हो जाने के बाद सोमवार से दिल्ली में शराब की निजी दुकानें बंद हो सकती हैं, जिसके कारण राष्ट्रीय राजधानी में शराब की उपलब्धता पर अनिश्चितता बनीं हुई है।

हालांकि, सूत्रों ने दावा किया कि दिल्ली सरकार रविवार देर रात अधिसूचना ला सकती है, जिससे अगस्त के अंत तक शहर में शराब की दुकानों को खोलने की अनुमति दी जा सकती है। सरकार के एक सूत्र ने कहा, 'यह जरूरी है क्योंकि सरकार ने पुरानी आबकारी नीति को लागू करने और अपनी एजंसियों के माध्यम से दुकानें चलाने का निर्णय लिया। इस प्रक्रिया से शराब की कमी हो सकती है, क्योंकि नई दुकानों को खुलने में कई दिन लगेंगे।'

दिल्ली सरकार ने पुरानी आबकारी नीति फिर से लागू करने और छह महीने तक खुद दुकानें चलाने का निर्णय शनिवार को लिया था। आबकारी नीति 2021-22 के तहत शहर में 468 दुकानें संचालित हो रही हैं, जिनका लाइसेंस 31 जुलाई के बाद खत्म हो जाएगा।

दिल्ली में कई शराब की दुकानों में, कीमतों में छूट देकर और एक के साथ दो मुफ्त जैसी नई योजनाएं पेशकर पहले का भंडार खत्म किया गया और दुकानें बंद कर दी गईं। लक्ष्मी नगर में शराब की एक दुकान के प्रबंधक ने कहा, 'अभी थोड़ी और शराब तथा बीयर उपलब्ध है और लोग जितना हो सकता है उतना लेने के लिए आ रहे हैं। जो लोग कुछ विशेष ब्रांड की मांग कर रहे हैं, उन्हें खाली हाथ लौटना भी पड़ा है।' दिल्ली के शेख सराय में एक बंद शराब की दुकान के बाहर ग्राहक विवेक ने कहा कि शनिवार को भीड़ ज्यादा थी लेकिन दुकानों पर शराब खत्म होने के कारण ग्राहक नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद जा रहे हैं।

सार्वजनिक सूचना
(मूल्य नियंत्रण आदेश, 2013 के पैराग्राफ 21 (2) के अंतर्गत)

ए. मेनेरिनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
नंबर.101, शपथ-4 के टॉवर ए में, कर्णावती क्लब के सामने, एस जी रोड, अहमदाबाद, गुजरात-380015
सीआईएन सं: MIPL-U74130GJ2001PTC039600
ई-मेल: customercare.india@menariniapac.com
फोन नं .: +91 22 42280700

सामान्य जन का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया जाता है कि उपरोक्त पत्ते पर पंजीकृत कार्यालय वाली कंपनी, ए. मेनेरिनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नंबर.101, शपथ-4 के टॉवर ए में, कर्णावती क्लब के सामने, एस जी रोड, अहमदाबाद, गुजरात -380015 और कॉर्पोरेट कार्यालय 2102, टॉवर 3, इंडियाबुल्स फाइनेंस सेंटर, सेनापति बापट मार्ग, एलफिंस्टन रोड (पश्चिम), मुंबई 400013 जोकि अनुसूचित विनिम्रितियों नामतः नीचे दिए गए (जिसे यहां बाद में दवा के रूप में संदर्भित किया गया है) का विपणन करती है। ए. मेनेरिनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उपर्युक्त उत्पाद (दवा) के विपणन को इस नोटिस की तारीख से निचे दिए गए अवधि के उपरांत बंद करना चाहती है।

A. 6 माह के अवधि के उपरांत बंद करना चाहती है
1. सी पी एम टैबलेट 1000's टैबलेट. (क्लोरफेनिरामाइन मैलेट टैबलेट I.P. 4 मिलीग्राम) (CPM Tablets 1000's Tablets (1's) (Chlorpheniramine Maleate Tablets IP 4mg)

उपरोक्त दवा को बंद करने के बाद यह बाजार में उपलब्ध नहीं हो पाएगी। इसलिए ऐसी दवा का उपयोग करने वाले मरीज़ अपने डॉक्टर से मिलकर वैकल्पिक दवा निर्धारित करवा सकते हैं। सभी डॉक्टर / चिकित्सा से जुड़े व्यक्ति भी इस पर ध्यान दें।

(डॉ. चेतन पाटील)
Head- Medical Affairs
ए. मेनेरिनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

दिनांक: १ अगस्त २०२२
स्थान: मुंबई

एपैरेल एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल
पंजीकृत कार्यालय : ए–223, ओखला ओद्योगिक क्षेत्र, फेस–1 नई दिल्ली–110020
सीआईएनः U74899DL1978NPL008877 टेलीफैक्स : 011–40501798
ईमेल : aepcokhla@aepcindia.com वेबसाइट : www.aepcindia.com

43वीं वार्षिक आम बैठक के लिए सदस्यों को सूचना

प्रिय सदस्य(यों),
यह सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और उसके तहत बनाये गये नियमों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ('एमसीए परिपत्र/त्रों') द्वारा क्रमशः जारी सामान्य परिपत्र संख्याः 14/2020, दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 17/2020, दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021 तथा 02/2022 दिनांक 05 मई, 2022 के अनुपालन में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बुलाने की सूचना में दिए गए कार्यों को निष्पादित करने हेतु सामान्य स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, परिषद् की 43वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन बृहस्पतिवार दिनांक 01 सितंबर, 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेसिंग (वीसी)/अन्य आडियों विजुअल मीन्स (ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से किया जायेगा।
एमसीए के परिपत्र/त्रों के अनुसार, 43वीं एजीएम की सूचना एवं 31 मार्च, 2022 (वार्षिक रिपोर्ट) को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों सहित वर्ष 2021–22 की वार्षिक रिपोर्ट, उन सभी सदस्यों को केवल ई–मेल द्वारा भेजी जायेगी, जिनके ई–मेल पते परिषद् के पास पंजीकृत होगें। यदि कोई सदस्य, परिषद् के साथ अपनी ई–मेल आईडी पंजीकृत या अद्यतन करना चाहता है,, तो वह कंपनी का नाम, सदस्य संख्या, अधिकृत प्रतिनिधि का नाम, ई–मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए, ई–मेल aepc.agm.2022@aepcindia.com पर भेज सकते हैं।
सदस्य, 43वीं एजीएम में केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही शामिल हो सकते है/भाग ले सकते हैं। 43वीं एजीएम की सूचना में, 43वीं एजीएम में शामिल होने और 43वीं एजीएम के दौरान रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग में भागीदारी करने या ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट डालने के तरीके के अनुदेश दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भागीदारी करने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना हेतु गिना जायेगा। 43वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट, कंपनी की वेबसाइट अर्थात् www.aepcindia.com पर और साथ ही मैसर्स एनएसडीएल की वेवसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होगी।
सदस्यों से अनुरोध है कि एजीएम की सूचना में दी गई सभी टिप्पणियों एवं विशेष रूप से 43वीं एजीएम में शामिल होने के लिए अनुदेश, एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के तरीके को ध्यान से पढ़े।
उपर्युक्त सूचना, परिषद् के सभी सदस्यों की जानकारी एवं हित हेतु जारी की जा रही है तथा यह कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय(एमसीए) के परिपत्रों के अनुपालन में है।

कृते एपैरेल एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल
सुमित गुप्ता
(सेक्रेटरी)

दिनांक : 29/07/2022
स्थान : नई दिल्ली

SARDA PAPERS LIMITED
A public limited company incorporated under the provisions of the Companies Act, 1956
**Corporate Identification Number:** L51010MH1991PLC061164;
**Registered Office:** Plot No A / 70 MIDC, Sinnar, Nashik, Maharashtra, 422103, India;
**Contact Number:** 02551-230856 / 230448 / 66780131 - 33; **E-mail Address:** info.spl1991@gmail.com; **Website:** www.sardapapers.com.

**Open Offer for acquisition of up to 8,06,602 (Eight Lakhs Six Thousand Six Hundred And Two) Equity Shares, representing 25.86% (Twenty-Five Point Eight Six Percent)* of the voting share capital of Sarda Papers Limited, at an offer price of ₹3.00/- (Rupees Three Only), payable in cash, made by Ms. Sarita Sequeira ('Acquirer 1') and Mr. C R Rajesh Nair ('Acquirer 2'), (hereinafter collectively referred to as the 'Acquirers'), in accordance with the provisions of Regulations 3 (1) and 4, and such other applicable provisions of the Securities And Exchange Board Of India (Substantial Acquisition Of Shares and Takeovers) Regulations, 2011, and subsequent amendments thereto ('SEBI (SAST) Regulations') ('Offer').**

***An open offer in compliance with the provisions of Regulations 3 (1) and 4 of the SEBI (SAST) Regulations, is required to be given for at least 26.00% (Twenty-Six Percent) of the voting share capital of the target company, however since, the shareholding of the Public Shareholders, as on date of the Public Announcement, is 25.86% (Twenty-Five point Eight-Six Percent), therefore the Offer Shares represent 25.86% (Twenty-Five point Eight-Six Percent) of the Voting Share Capital of the Target Company.***

This Pre-Offer Advertisement cum Corrigendum to the Detailed Public Statement ('**Pre-Offer Advertisement**') is being issued by CapitalSquare Advisors Private Limited ('**Manager**'), for and on behalf of the Acquirers and pursuant to the provisions of Regulation 18 (7) of the SEBI (SAST) Regulations, in respect of the Offer in Financial Express (English daily) (All India Edition), Jansatta (Hindi daily) (All India Edition and Delhi Edition), Navshakti (Marathi Daily) (Maharashtra Edition), wherein the Detailed Public Statement dated Wednesday, June 08, 2022 was published on Thursday, June 09, 2022, in accordance with the provisions of Regulation 14 (3) of the SEBI (SAST) Regulations ('**Newspapers**').

This Pre-Offer Advertisement is to be read in continuation of, and in conjunction with the:
(a) Public Announcement dated Friday, June 03, 2022 ('**Public Announcement**');
(b) Detailed Public Statement dated Wednesday, June 08, 2022, which was published on Thursday, June 09, 2022, in the newspapers, namely being Financial Express (English daily) (All India Edition), Jansatta (Hindi daily) (All India Edition and Delhi Edition), Navshakti (Marathi Daily) (Maharashtra Edition) ('**Newspapers**') ('**Detailed Public Statement**');
(c) Draft Letter of Offer dated Friday, June 10, 2022 ('**Draft Letter of Offer**');
(d) Letter of Offer dated Thursday, July 21, 2022, along with the Form of Acceptance-cum-Acknowledgement and Form No. SH-4 Securities Transfer Form ('**Letter of Offer**');
(e) Letter of Offer Dispatch Confirmation Advertisement dated Thursday, July 28, 2022, which was published in the Newspapers on Friday, July 29, 2022 ('**Letter of Offer Dispatch Confirmation Advertisement**'); and
(f) Recommendations of Committee of Independent Directors dated Thursday, July 28, 2022, which was published in the Newspapers on Friday, July 29, 2022 ('**Recommendations of IDC**').

The Public Announcement, Detailed Public Statement, Draft Letter of Offer, Letter of Offer, Letter of Offer Dispatch Confirmation Advertisement and the Recommendations of IDC are hereinafter referred to as the '**Offer Documents**'.

1. **Offer Price:** The Offer Price of ₹3.00/- (Rupees Three Only) is payable in cash. There has been no revision in the Offer Price. For further details relating to the Offer Price, please refer to Paragraph 6.1.3 beginning on page 25 of the Letter of Offer.
2. **Recommendations of the Committee of Independent Directors of the Target Company ('IDC'):** The Committee of IDC has opined that the Offer Price of ₹3.00/- (Rupees Three Only) is fair and reasonable in accordance with the provisions of SEBI (SAST) Regulations, which was approved on Thursday, July 28, 2022, which was published in the Newspapers on Friday, July 29, 2022.
3. This Offer is not a competing offer.
The dispatch of the Letter of Offer to Public Shareholders as on Identified Date being Tuesday, July 19, 2022, for the purpose of this Offer, has been completed on Tuesday, July 26, 2022, the details of which has been summarized herewith as below:

| Sr. No. | Particulars | Mode of Dispatch | No. of Public Shareholders |
|---|---|---|---|
| 1. | Letter of Offer (Through Demat mode) | Email | 985 |
| 2. | Letter of Offer (to Demat Non-Email cases and all Physical cases) | Registered/ Speed Post | 1493 |
| | Total | | 2478 |

4. Please note that a copy of the Letter of Offer along with other Offer Documents is also available and accessible on the websites of SEBI at www.sebi.gov.in, BSE at www.bseindia.com, Target Company at info.spl1991@gmail.com, Registrar at support@purvashare.com and Manager at www.capitalsquare.in.
5. Public Shareholders are required to refer to Paragraph 8 titled '***Procedure for Acceptance and Settlement of the Offer***' beginning on page 30 of the Letter of Offer in relation to the procedure for tendering their Equity Shares in the Offer.
**Instructions for Public Shareholders**
a) **In case the Equity Shares are held in physical form**
Public Shareholders holding Equity Shares in physical form may participate in this Offer through their Selling Broker by providing relevant information and documents as mentioned in Paragraph 8.9 titled '***Procedure for Equity Shares held in physical form***' beginning on page 30 of the Letter of Offer.
b) **In case the Equity Shares are held in Demat form**
Public Shareholders holding the Equity Shares in Demat form may participate in this Offer by approaching their Selling Broker and tender their Equity Shares in Offer as per the procedure as mentioned in Paragraph 8.10 titled '***Procedure for Equity Shares held in dematerialized form***' beginning on page 31 of the Letter of Offer along with other details.
6. All the observations received from SEBI vide letter bearing reference number 'SEBI/HO/DCR/RAC2/P/OW/28773/2022' dated Friday, July 15, 2022, in terms of Regulation 16 (4) of the SEBI (SAST) Regulations upon submission of the Draft Letter of Offer are duly incorporated in the Letter of Offer.
7. There are no other material updates concerning this Offer since the date of the Public Announcement, save as otherwise disclosed in the Offer Documents.
8. To the best of the knowledge of the Acquirers as of the date of this Pre-Offer Advertisement, there are no statutory, regulatory, or other approvals required by the Acquirers to be implemented to complete this Offer. Please refer to Paragraph 7.6 titled '***Statutory Approvals and conditions of the Offer***' on page 29 of the Letter of Offer.
9. **Schedule of Activities:**

| Schedule of Activities | Tentative Schedule | Revised Schedule |
|---|---|---|
| | Day and Date | Day and Date |
| Issue date of the Public Announcement | Friday, June 03, 2022 | Friday, June 03, 2022 |
| Publication date of the Detailed Public Statement in the Newspapers | Thursday, June 09, 2022 | Thursday, June 09, 2022 |
| Date of filing of the Draft Letter of Offer with SEBI | Friday, June 10, 2022 | Friday, June 10, 2022 |
| Last date for public announcement for a competing offer(s)# | Thursday, June 30, 2022 | Thursday, June 30, 2022 |
| Last date for receipt of comments from SEBI on the Draft Letter of Offer will be received (in the event SEBI has not sought clarification or additional information from the Manager) | Friday, July 01, 2022 | Friday, July 15, 2022@ |
| Identified Date* | Tuesday, July 05, 2022 | Tuesday, July 19, 2022 |
| Last date for dispatch of the Letter of Offer to the Public Shareholders of the Target Company whose names appear on the register of members on the Identified Date | Tuesday, July 12, 2022 | Tuesday, July 26, 2022 |
| Last date of publication in the Newspapers of recommendations of the independent directors' committee of the Target Company for this Offer | Friday, July 15, 2022 | Friday, July 29, 2022 |
| Last date for upward revision of the Offer Price and/or the Offer Size | Monday, July 18, 2022 | Monday August 01, 2022 |
| Last date of publication of opening of Offer public announcement in the Newspapers | Monday, July 18, 2022 | Monday August 01, 2022 |
| Date of commencement of Tendering Period | Tuesday, July 19, 2022 | Tuesday, August 02, 2022 |
| Date of closing of Tendering Period | Monday, August 01, 2022 | Thursday, August 18, 2022 |
| Last date of communicating the rejection/ acceptance and completion of payment of consideration or refund of Equity Shares to the Public Shareholders | Thursday, August 18, 2022 | Friday, September 02, 2022 |

*Note: The above timelines are indicative (prepared on the basis of timelines provided under the SEBI (SAST) Regulations) and are subject to receipt of requisite approvals from various statutory/ regulatory authorities and may have to be revised accordingly. To clarify, the actions set out above may be completed prior to their corresponding dates subject to compliance with the SEBI (SAST) Regulations.*
*@Actual date of receiving SEBI's Observation Letter.*
*# There has been no competing offer.*
**Identified Date is only for the purpose of determining the names of the Public Shareholders to whom the Letter of Offer would be sent. All the Public Shareholders (registered or unregistered) of the Equity Shares (except the Acquirers and the parties to the Share Purchase Agreement) are eligible to participate in this Offer any time before the closure of this Offer.*

10. The copies of the inspection documents as specified under Paragraph 13 titled '***Documents for Inspection***' beginning on page 41 of the Letter of Offer will be available for inspection at the registered office of the Manager, CapitalSquare Advisors Private Limited, located at 205-209, 2nd Floor, AARPEE Center, MIDC Road No. 11, CTS 70, Andheri (East), Mumbai - 400093, Maharashtra, India, or the Public Shareholders may access the inspection documents accessible on the website of the Manager at https://capitalsquare.in/spl-oo-id and by obtaining its login credentials from the Manager, on any working day between 10:00 a.m. (Indian Standard Time) and 5:00 p.m. (Indian Standard Time) during the Tendering period i.e., commencing from Tuesday, August 02, 2022, to Thursday , August 18, 2022.
11. The Acquirers accept full responsibility for the information contained in this Pre-Offer Advertisement and for the fulfillment of their obligations laid down in the SEBI (SAST) Regulations. A copy of this Pre-Offer Advertisement shall also be available and accessible on the websites of the SEBI at www.sebi.gov.in, BSE at www.bseindia.com, and Target Company at info.spl1991@gmail.com, Registrar at support@purvashare.com and Manager at www.capitalsquare.in.
12. The capitalized terms used in this Pre-Offer Advertisement shall have the meaning assigned to them in the Offer Documents unless otherwise specified.

**Issued by the Manager to the Offer on behalf of the Acquirers**

CAPITALSQUARE
Teaming together to create value

**CAPITALSQUARE ADVISORS PRIVATE LIMITED**
205-209, 2nd Floor, AARPEE Center, MIDC Road No 11, CTS 70, Andheri (East), Mumbai 400093, Maharashtra, India;
**Tel:** +91-22-6684-9999/ 145/ 138;
**Email Address:** tanmoy.banerjee@capitalsquare.in/ pankita.patel@capitalsquare.in;
**Website:** www.capitalsquare.in;
**Contact Person:** Mr. Tanmoy Banerjee/Ms. Pankita Patel;
**SEBI Registration Number:** INM000012219;
**Validity:** Permanent;
**Corporate Identification Number:** U65999MH2008PTC187863

For and on behalf of the Acquirers

Sd/- Ms. Sarita Sequeira, Acquirer 1
Sd/- Mr. C R Rajesh Nair, Acquirer 2

**Date:** August 01, 2022
**Place:** Mumbai

एनएचपीसी
NHPC
एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

CIN: L40101HR1975GOI032564
पंजीकृत कार्यालयः एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
ई–मेलः companysecretary@nhpc.nic.in, टेलीफैक्सः 0129-2588110,
वेबसाइटः www.nhpcindia.com

46वीं वार्षिक आम बैठक(एजीएम) की सूचना और ई–वोटिंग की जानकारी

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि एनएचपीसी लिमिटेड के सदस्यों की **46वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) गुरुवार, 25 अगस्त, 2022 को दोपहर 12:30 बजे (भारतीय समयानुसार)** वीडियो कॉन्फ्रेंस ("वीसी")/ अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (एलओडीआर) के साथ पठित कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) और सेबी द्वारा जारी किए गए लागू परिपत्रों के सभी उपयुक्त प्रावधानों के अनुपालन में, आयोजित की जाएगी, जिसमें दिनांक 02 जुलाई, 2022 की एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट कारोबार संपादित किए जाएंगे। सुसंगत परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2021–22 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सभी सदस्यों को भेज दिया गया है, जिनके ईमेल पते कंपनी / आरटीए / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास शुक्रवार, 22 जुलाई, 2022 तक पंजीकृत हैं। सदस्यों को नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट का इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण शुक्रवार, 29 जुलाई, 2022 को पूरा कर लिया गया है। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट (www.nhpcindia.com) के http://www.nhpcindia.com/NHPC.annual.reports.htm लिंक पर, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com पर, और ई–वोटिंग सेवा प्रदाता अर्थात मेसर्स नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं। वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत न्यूनतम अपेक्षित क्षमता (कोरम) के उद्देश्य से गिना जाएगा।

एजीएम की सूचना में संदर्भित दस्तावेज सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से नोटिस के प्रकाशन की तारीख से एजीएम की तारीख तक बिना किसी शुल्क के उपलब्ध हैं। ऐसे दस्तावेजों का निरीक्षण करने के इच्छुक सदस्य कंपनी सचिव को agm2022@nhpc.nic.in पर अपना नाम, डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी / फोलियो नंबर और स्थायी खाता संख्या (पैन) का उल्लेख करते हुए ई–मेल भेज सकते हैं।

सेबी एलओडीआर के विनियम 44 और सुसंगत नियमों के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के अनुसरण में, कंपनी 46वीं एजीएम में प्रस्तावित व्यवसायों के संबंध में मतदान करने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने की सुविधा प्रदान कर रही है। कंपनी ने रिमोट ई–वोटिंग और एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए मैसर्स नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड(एनएसडीएल)को नियुक्त किया है। सदस्य www.evoting.nsdl.com पर एनएसडीएल की ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :
(क) 46वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट व्यवसायों को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान द्वारा पूरा किया जाएगाय
(ख) सदस्य, जिनके नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात गुरुवार, 18 अगस्त, 2022 को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामियों की सूची में शामिल हैं, केवल वे ही रिमोट ई–वोटिंग या एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के पात्र होंगे;
(ग) रिमोट ई–वोटिंग **सोमवार, 22 अगस्त, 2022 को सुबह 09:00 बज (भारतीय समयानुसार)** से शुरू होगी और **बुधवार, 24 अगस्त, 2022 को शाम 05:00 बजे** समाप्त होगी। रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति बुधवार, 24 अगस्त, 2022 को शाम 5:00 बजे के बाद नहीं होगी और एक बार सदस्य द्वारा किसी संकल्प पर वोट डालने के बाद, उन्हें इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी;
(घ) ई–वोटिंग की सुविधा 46वीं एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी और वीसी / ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने अपना वोट नहीं डाला है, एजीएम के दौरान वोट डाल सकेंगे।
(ङ) कोई भी व्यक्ति, जिसके पास कंपनी के शेयर हैं और जो कट–ऑफ तिथि अर्थात गुरुवार, 18 अगस्त, 2022 से पहले परंतु एजीएम की सूचना भेजने के बाद सदस्य बनता है, वह evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। एजीएम के नोटिस में भी यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया प्रदान की गई है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो विद्यमान यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है।
(च) सदस्य अपने रिमोट ई–वोटिंग क्रेडेंशियल का उपयोग करके वीसी / ओएवीएम के माध्यम से 46वीं एजीएम में भाग ले सकते हैं।
(छ) वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए निर्देश और ई–वोटिंग प्रक्रिया, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य अथवा जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, के ई–वोटिंग द्वारा वोट डालने के तरीके सहित एजीएम के नोटिस में प्रदान की गई है।
(ए) सदस्य ध्यान दें कि:–
i. जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन वे दोबारा वोट डालने के पात्र नहीं होंगे। जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है और वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हैं, वे एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट डालने के पात्र होंगे।
ii. कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स **शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022 से गुरुवार, 25 अगस्त, 2022 (दोनों दिन शामिल)** तक बंद रहेंगे।
iii. लाभांश संबंधी जानकारी:–
क. यदि अंतिम लाभांश वार्षिक आम बैठक में घोषित होता है तो, इसका भुगतान करने के लिए कंपनी ने सदस्यों की पात्रता के निर्धारण के लिए **गुरुवार, 11 अगस्त, 2022** को **"रिकॉर्ड तिथि"** के रूप में नियत किया है। सदस्य, जिनके नाम रिकॉर्ड तिथि पर सदस्य के रजिस्टर / लाभार्थियों की सूची में शामिल होंगे, वे अंतिम लाभांश प्राप्त करने के पात्र होंगे।
ख. सुसंगत परिपत्रों के अनुसार, लाभांश का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को किया जाएगा जिन्होंने अपने बैंक खाते का विवरण अपडेट कर दिया है। जिन सदस्यों ने अपने बैंक खाते का विवरण अपडेट नहीं किया है, उनके पंजीकृत पते पर लाभांश वारंट / डिमांड ड्राफ्ट भेजा जाएगा।
ग. लाभांश के भुगतान पर लागू दर के अनुसार स्रोत पर कर (टीडीएस) की कटौती की जाएगी, अधिक विवरण के लिए, कृपया एजीएम की सूचना में दिए गए नोट देखें।

एजीएम के दौरान ई–वोटिंग, रिमोट ई–वोटिंग और वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होने संबंधी विस्तृत प्रक्रिया के लिए सदस्य कृपया एजीएम की सूचना को देखें या www.evoting.nsdl.com पर विजिट करें। सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग और वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सूचना और निर्देश ई–मेल के माध्यम से भेज दिए गए हैं।

ई–वोटिंग, वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होने और एजीएम से पहले या उसके दौरान किसी अन्य तकनीकी सहायता संबंधी किसी भी प्रश्न / शिकायत के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबरः 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं अथवा सुश्री सरिता मोटे, सहायक प्रबंधक, एनएसडीएल को निर्दिष्ट ईमेल आईडी evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी ईमेल आईडी और / या केवाईसी विवरण को निम्नानुसार अपडेट / पंजीकृत करें :
क. डिमैटेरेलाईज्ड मोड में धारित शेयरों के मामले में – अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपनी ईमेल आईडी और / या केवाईसी विवरण पंजीकृत / अपडेट करें।
ख. भौतिक मोड में धारित शेयरों के मामले में – अपने ईमेल और / या केवाईसी विवरण को पंजीकृत / अपडेट करने हेतु कंपनी के आरटीए यानी मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के पास अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055 के पास विधिवत भरे हुए फॉर्म आईएसआर–1 (कंपनी की वेबसाइट http://www.nhpcindia.com/writereaddata/Images/pdf/Form%20ISR&1-pdf पर उपलब्ध) और अन्य प्रासंगिक फॉर्म जमा करें अथवा alankit.nhpc@alankit.com पर ईमेल भेजें।

जो सदस्य एजीएम के दौरान प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे अपना नाम, डीमैट खाता संख्या/ फोलियो नंबर, पैन, मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए मंगलवार, 16 अगस्त, 2022 से शुक्रवार, 19 अगस्त, 2022 तक agm2022@nhpc.nic.in पर अपने पंजीकृत ई–मेल पते से अनुरोध भेजकर स्वयं को स्पीकर के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं। जिन सदस्यों ने स्पीकर के रूप में अपना पंजीकरण कराया है, उन्हें एजीएम के दौरान प्रश्न पूछने की अनुमति दी जाएगी। कंपनी एजीएम के सुचारू संचालन के लिए उपयुक्त समय की उपलब्धता के आधार पर प्रश्नों की संख्या और वक्ताओं की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

सदस्य कंपनी सचिव को companysecretary@nhpc.nic.in पर या कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी लिख सकते हैं।

जिन सदस्यों ने पिछले वर्षों के लाभांश वारंट को नहीं भुनाया है अथवा प्राप्त नहीं किया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे इसे फिर से सत्यापित करने या उसकी डुप्लिकेट प्राप्त करने के लिए आरटीए को लिखें।

एनएचपीसी लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से
हस्ता./-
(रूपा देब)
कम्पनी सचिव

दिनांकः जुलाई 29, 2022
स्थान : फरीदाबाद